


# SPEECH THERAPY

## ***बोलने, समझने में परेशानी***
## ***जानकारी और उपचार***

## ***(SPEECH DYSFUNCTION)***


**स्पीच डिस्फंक्सन** (Speech Dysfunction)– **20 से 40 प्रतिशत लकवे के रोगियों को यह परेशानी /काम्पलीकेशन/ हो जाता है। इ**स बीमारी में रोगी बोल तथा समझ नहीं सकता है। रोगी के जीवन में यह एक बड़ी और गंभीर समस्या है। रोगी अपनी जरुरतें, भावनायें तथा दुख बता नहीं सकता है। इस बीमारी में दो समस्याऐं होती हैं – 1. बोलने में परेशानी – इसमें रोगी बोल नहीं पाता है, अटक अटक कर बोलता है, कभी कभी मुख्य शब्द उसकी जीभ पर नहीं आते हैं। यह रोगी साधारण वार्तालाप समझ सकते हैं जैसे हाथ ऊपर उठाइये, परंतु यदि रोगी से कहा जाये कि सीधे हाथ से बॉया कान पकड़िये तो वह यह नहीं समझ पायेगा।

2. समझने में परेशानी – इसमें रोगी भाषा को समझ नहीं सकता है। वह ऐसे शब्दों का उपयोग करता है जिनका कोई मतलब नहीं होता है। उसकी बोलने की गति सामान्य और ज्यादा भी हो सकती है। चिकित्सक और परिवारजन रोगी की भाषा को सुन तो सकते हैं पर वह समझ नहीं सकते कि रोगी क्या बोल रहा है क्योंकि जिन शब्दों का रोगी उपयोग कर रहा है वह अर्थहीन होते हैं। ऐसे रोगी साधारण आदेश जैसे कि जीभ दिखाइये, आदि भी नहीं समझ सकते हैं। यह रोगी इशारे समझ सकते हैं तथा इशारों की भाषा से इन्हें बहुत कुछ सिखाया जा सकता है।

अगर रोगी बोल ही नहीं पा रहा है तो भी परिवारजनों को मुशकिल होती है। इस बीमारी में रोगी के परिवारजन भी परेशान होते हैं क्योंकि वह रोगी की वातचीत को समझ नहीं पाते हैं और रोगी को तनाव और गुस्सा आता है जो कि वह वोलकर व्यक्त नही कर पाता है। रोगी अपने दैनिक कार्य जैसे – टॉयलेट जाना, व्रश करना, शेविंग करना, कपड़े बदलना, उपने बच्चों या संबधियों से बात करना आदि भी नहीं कर पाता है तथा रोगी अपने परिवारजनों की बातों को भी पूरी तरह नहीं समझ पाता हैं।

**2. बोलने में परेशानी के कारण** – नसों में खून जमना (Clot) ब्रेन हैम्रेज, (Brain hemorrhage), ब्रेन टयूमर (Tumour)), सिर में चोट (Head injury) आदी ।

3. ***ब्रेन में समझने, बोलने तथा लिखने की सामान्य प्रतिक्रिया–***




सुनना भाषा के ज्ञान का प्रमुख अंग है। बचपन से ही भाषा का ज्ञान हमें सुनने से होता है (शब्दों का, भाषा की व्याकरण का) जो हम बोलते है, वह भी हम सुनते हैं और उससे भी हमें यह ज्ञान होता है, कि हम सही बोल रहे हैं या गलत इसलिए भाषा को सुनना और समझना भाषा के ज्ञान का प्रमुख अंग है।

बोलना, लिखना, पढ़ना इन सभी प्रतिक्रिया को भाषा कहते हैं। मस्तिष्क में भाषा का ज्ञान बचपन से ही संग्रहित ( Store स्टोर) हो जाता है। जैसे–जैसे हम बड़े होते हैं, बातचीत करते–करते भाषा के नियम हमारे दिमाग में संग्रहित हो जाते हैं। जब भी हम बोलते, लिखते व पढ़ते हैं, तो हम

अपनी भाषा की इन संग्रहित नियमों से तुलना करते हैं, शब्दों का आपस में बारीकी से परीक्षण करते है। (उदाहरण – यहां बैठो, यहां बैठिये) फिर उनकों दिमाग के (Speech Centre) स्पीच सेंटर तक भेजते है। जब हम बोलते है, तो हम अपनी भाषा को पुनः सुनते हैं, जिससे हमें यह ज्ञान मिलता हैं, कि हम सही बोल रहे हैं या नहीं। दिमाग की नसों में खून जमने से बोलने में निम्नलिखित परेशानियॉ हो सकती हैं –

**1. बोल नहीं पाना** (Expressive),

**2. समझ नहीं पाना** (Receptive),

**3. बोल तथा समझ नहीं पाना** (Global),

**4. जुबान पर नाम नहीं आना** (Nominal)

**4. बोलने में कितना सुधार आयेगा ?**

1. यदि रोगी कुछ कुछ समझता है और कुछ कुछ शब्द बोल पाता है तो ऐसे में सुधार आने की संभावना अधिक होती है।

2. यदि रोगी समझ पाता है और बोल नहीं पाता है तो वह कुछ महीनों में कुछ कुछ शब्द बोल पायेगा।


3. अगर रोगी बिल्कुल समझ नहीं पाता है तो सुधार आने की संभावना कम हो जाती है।

4. यदि रोगी की उम्र 75 वर्ष से ज्यादा है तथा ब्लड़ प्रेशर (Blood Pressure), ड़ायबिटीज (Diabetes), धूम्रपान (Smoking & Drinking) एवं पुराना लकवा (Old Stroke) आदि है तो सुधार की संभावना कम हो जाती है।

सुधार पहले 3 से 6 महीने में तीव्र गति से आता है तथा बाद में महीनों से सालों में सुधार धीरे धीरे आता रहता है।

**5** आमतौर पर जब रोगी को बोलने मे शब्द नहीं मिलते है तो उसके परिवार के लोग उसको याददास्त में कमजोरी या मेमोरी ड़िस्टर्बेंस (Memory Disturbance) समझते हैं। ब्रेन में क्लॉट (Clot) होने से रोगी की जुबान पर शब्द नहीं आते हैं। यह उसकी स्पीच डिस्फंक्सन (Speech Dysfunction) है।

**चित्र –**




## पुनः बोलने एवं समझने का उपचार ( Treatment of Aphasia )

इस उपचार में रोगी को बोलने के लिये कुछ पद्धतियॉ सिखाई जाती हैं। इस थैरपी का उददेशय सिर्फ इतना है कि रोगी रोज का वार्तालाप कर सके तथा सामान्य निर्देश समझ सके, रोगी पूरा सामान्य ढ़ंग से बोल पाये यह उददेशय नहीं है। यदि रोगी बोल या समझ नहीं पाता है तो चार्ट की सहायता से वार्तालाप कर सकता है। इसी प्रकार विभिन्न अक्षरों तथा मात्राओं पर हाथ रखकर रोगी बिना बोले वार्तालाप कर सकता है। इस थैरपी के मुख्य सिध्धांत इस प्रकार हैं –

1. पहले रोगी को दैनिक वार्तालाप सिखाया जाता है जो उसको आये दिन काम आता है।

2. घर में उपयोग होने वाली आम वस्तुओं के नाम तथा उपयोग सिखाये जाते हैं।

3. घर में उपयोग होने वाली वस्तूओं या चीजों का रंग, आकार, अन्य माप दंड़ बताये जाते हैं ताकि रोगी को भाषा का ज्ञान फिर से हो सके। जैसे यदि एक सेव है तो यह लाल रंग का है इसका आकार गोल है, ऊपर व नीचे थोड़ा सा चपटा है, 50 ग्राम के लगभग वजन का है।

4. इसी प्रकार रोगी को क्रिया का ज्ञान कराया जाता है। उससे छोटे छोटे वाक्य बनावाये जाते हैं, उससे दोहरवाये जाते हैं तथा अधूरे वाक्यों को पूरा करवाया जाता है।

5. इस थैरेपी में रोगी जिन परिस्थितियों में रहता है, जिन शब्दों का उपयोग वह आए दिन करता है उन्हीं शब्दो का अभ्यास कराया जाना चाहिये

# ***बोलने, समझने में परेशानी जानकारी और उपचार***

## *(SPEECH DYSFUNCTION*

---

### अफेजिया (Aphasia) वाले रोगियों से इस प्रकार बातें करें –:

- धीरे धीरे बोलें तथा रुक कर बोलें !
- साधारण वाक्यों का इस्तेमाल करें !
- साधारण शब्दों का इस्तेमाल करें !
- वाक्यों को दोहरायें !
- ऊंची  आवाज में नहीं बोलें !
- रोगी से सीधी बात करें !
- बोलते वक्त इशारों का, चेहरे पर भाव का, लिखकर और चित्रों का उपयोग करें
- आये दिन के टॉपिक (Topic) पर बातचीत करें

### अफेजिया (Aphasia) वाले रोगी की भाषा कैंसे सुनें एवं समझें –:

- रोगी से कहें धीरे धीरे बोले !
- जब भी समझ में नहीं आये रोगी को इशारे से बतायें !
- रोगी को इशारे से 'हॉ और 'ना' समझायें !
- रोगी जो भी बोल रहा है उसको दोहराकर समझायें !
- छोटी छोटी गल्तियों को भी करने के लिये रोगी को प्रोत्साहित करें !
- जो भी शब्द रोगी नहीं बोल पा रहा है उसको विनम्रता से बतायें !
- इशारों से चेहरे के भावों का भरपूर इस्तेमाल करें !

# SPEECH THERAPY

**घर में उपयोग होने वाली आम वस्तुओं की सूची बनायें –**

1. Position -: बैठना है, लेटना है, करवट लेना है, खड़े होना है, सोना है।
2. Food / Water -: पानी, चाय, दूध, जूस, खाना, फल।
3. Time-: कितने बजे हैं, क्या समय है, दवाइयॉ कितने बजे लेनी हैं, तुम कितने बजे आओगे, कितने बजे जाना है, आज कौन सा दिन / तारीख / महीना है,

4. T.V./Listening Music- टी.व्ही.देखना है, अखबार पड़ना है, मुझे चशमा पहनना है,

मुझे फोन पर बात करनी है संबधी का नाम...

**5** .दाढी बनवानी है, मुझे बालों में तेल लगाना है, बालों में कंघा करना है, जूते, चप्पल

पहनना है, ब्रश करना है,......

**6 .** बाथरुम जाना है, मोशन जाना है **(Toilet)**, बाहर जाना है।

**7.** सिरदर्द है, पेट में दर्द है, हाथ पैरों में दर्द है, कमर में दर्द है, कब्ज है,

**8. Emotions – में आज दुखी हूॅं, में आज खुश हूॅं, हॉ और ना में बोलना सिखाइये।**

***2 इन शब्दों को बोलना है।***

कपड़ा, पेन, टेलीफोन, टेबल, कुर्सी, सुबह, सोमवार, आंगन, दवाई, चाबी, ताला, किताब, अनार, आलू, बिस्तर, हार, जूता, मोजा, सब्जी, टमाटर

***2 इन दो शब्दों को दोहराइये :***

1. घर के अंदर,
2. पेन–पेंसिल,
3. ताला–चाबी,
4. काला–सफेद,
5. सड़क–खलिहान,
6. शिक्षक–विद्यार्थी,
7. नदी–नाले,
8. टेबिल के उपर,
9. सुबह–शाम,
10. खिड़की– दरवाजे,
11. हाथी–घोड़ा,
12. टेबिल–कुर्सी,
13. समय–घड़ी,
14. हवा–पानी

3 ***इन तीन शब्दों को दोहराइये :–***

**1. पेन–किताब–टेबिल,**
**2. आलू–टमाटर– गोभी,**
**3. जमीन–हवा–पानी**
**4.चूहा–बिल्ली– कुत्ता,**
**5. नदी–नाले–खेत,**
**6. पैसा–चाबी–कंगा,**
**7.दवाईयां–इंजेक्शन–जांचे**
**8.मोटरसाइकिल–कार–ट्रक,**
**9. कागज–कलम–दवात,**
**10. भोपाल–विदिशा–बासौदा**

**4. 1.दूर–पास–उपर–नीचे,**
**2. आगे–पीछे–दायें–बायें,**
**3.माता–पिता–दादा–दादी**
**4.भोपाल–विदिशा–सांची–बासौदा,**
**5.कागज–कलम–दवात–पेंसिल,**
**6.यहां–वहां–इधर–उधर ,**

7,अनार–चीकू–पपीता–अंगूर,   8.पैसे–टेबल–कुत्ता–सच

9 गुलाब– बरसात–ट्रेन–भारत,   10. राजपूत–कप्तान–बादशाह–वजीर

5. इन वाक्यों को दोहराइये :–

1. आप कहां जा रहे हैं ।   2. आप कैसे हैं ।

2. नमक इधर दीजिये ।   4. पंखा बंद कर दीजिये।

5 चादर उड़ा दीजिये ।   6. थोड़ा और दीजिये ।

7 पानी लाइये।   8. बस बहुत हो गया ।

9. आज बहुत ठंड है ।   10. आज मन खुश नहीं है ।

6. *वाक्य पूरा कीजिये :–*

1. संज्ञा का उपयोग,

2. मुझे कागज और .... दीजिये ।

3 .मेरे डाक्र का नाम .....है ।,

4 .पानी को .... में डालिये ।

5 खाने में रोटी,दाल और ...... का उपयोग करना चाहिए ।

6 इस कमरे में एक टेबिल और .....रखी है ।

7 राम और ...... बनवास गये ।

8 कृश्ण ने गीता का उपदेश....   को दिया था ।

9 समाचार के लिए....... पढते है ।

10 मंडी से ... लानी है ।

11 लिखने के लिए मुझको ...... दीजिये ।

7. **Exercise 8** *वाक्य पूरा कीजिये :–*

*वाक्यों को क्रिया से पूरा करों :–*

1. हम पेन को .... के काम लाते है ।
2. चश्मे का उपयोग .... के लिए होता है ।
3. हम स्कूल में .... करने जाते है ।
4. ....... एक अच्छा व्यायाम है ।
5. हमें हरी सब्जियां ..... चाहिए ।
6. गर्म पानी.... से पेट ठीक रहता है ।
7. वह साइकिल....... है ।
8. हमें अधिक टी.वी. नहीं......... चाहिए ।
9. दर्जी कपड़ा....... है ।
10. लकवे के मरीज को नियमित कसरत ...... चाहिए ।

## Exercise 9

*जोड़े पूरा कीजिये :*

**1. काला और ........., 2. माता और ........, 3. ठंडा और ......, 4. पेन और ......., 5, लाल और ....... 6.नमक और ......., 7. भाई और ........., 8. खेत और ......... 9. दूर और ............ 10. उपर और ...... 11. दायें और .......... 12. आगे और ................**

## Exercise 10

विपरीत शब्द बताइये

**1. गर्म (ठण्डा), 2. दिन (रात), 3.उपर(नीचे), 4. काला (सफेद), 5.अंधेरा (उजाला) 6. आना(जाना), 7, आधा (पूरा), 8. आज (कल), 9. बांया (दांया), 10.मोटा (दुबला), 11. अमीर (गरीब), 12. सवाल (जवाब)**

## Exercise 11

1. सीता (गीता), 2. हट्टा (कट्टा), 3, आना (जाना), 4. घड़ी (छड़ी), 5. सोना (रोना ) 6.गाना (बजाना), 7. उंचा ( नीचा), 8. छोटा (मोटा), 9. जच्चा (बच्चा), 10 लेना (देना)

## Exercise 12

1. अ से दस  शब्द बताइये । 2. दस सब्जियों के नाम बताइये । 3. दस तरह के कपड़ों के नाम बताइये । 4. दस श्रृंगार की चीजों के नाम बताइए ।

5. दस फूलों के नाम बताइए । 6. ऐसे दस कामजो छुटटी के दिन करते हैं । 7. दस काम जो आप ट्रेन में कर सकते है । 8. दस वस्तुएं जो आग पकड़ सकती है । 9. दस  शहरों के नाम बताइए। 10. दस देवताओं / देशों के नाम बताइए ।

## Exercise 14 Answering What. Questions

1. आप कितने साल के हैं ? 2. आप क्या काम करते है ? 3. आप कहां रहते है ? 4. आप का विवाह कब हुआ था ? 5. आपके कितने बच्चे है ? 6. आप कितने भाई बहन है ? 7. आप छुटटी का दिन कैसे बिताते है ? 8. आप कहां तक पढ़े हैं ? 9. आप किस विभाग में कार्य करते हैं ? 10. आपके बड़े लड़के का क्या नाम है ?

## Exercise 15

1. राम मैदान में गिर गया, उसे  श्याम ने गिराया था । मैदान में कौन गिर गया ? 2. बिल्ली ने चूहे को खाया, कुत्ता सो रहा है । चूहे को किसने खाया ? 3. वह दिल्ली जा रहा है, उसने टिकिट खरीद लिया । वह कहां जा रहा है? 4. मोहन ने चश्मा खरीदा, मोहन चला गया। मोहन ने क्या खरीदा? 5. सीता रस्सी कूद रही है, गीता रंगोली बना रही है । रस्सी कौन कूद रहा है ? 6. राजा ने पंखा चलाया, पंखा बंद हो गया । पंखा किसने चलाया ? 7. राजन पैसा जमा करने जा रहा है, बैंक 5 बजे तक खुलती है । राजन कहां जा रहा है ? 8.ट्रेन दिल्ली तक जाती है, ट्रेन कहां तक जाती है ? 9.  श्याम ने केक खाया,  श्याम का जन्मदिन है । केक किसने खाया? 10 शिक्षक ने रामू को मारा, रामूने पाठ याद नहीं किया । रामू को किसने मारा ?

## Exercise 16

1. आप जब भूखे होते हैं, तो क्या करते हैं ? 2. भारत के प्रधानमंत्री कौन हैं? 3. आज आपने घर पर क्या काम किया ? 4. जब आप बीमार होते है, तो कहां जाते हैं ? 5. रामायण महाकाव्य किसने लिखा ? 6.छुटटी के दिन आप क्या करते हैं ?

7. पैसे कहां जमा होते हैं ? 8. दीवाली के दिन किसकी पूजा होती हैं ? 9. जब आज थक जाते हैं, तो क्या करते हैं ? 10 भारत के वर्तमान राश्ट्रपति कौन हैं ?

शब्द से संबंधित वाक्य बनाओं

1. फोन, 2. टेलीविजन, 3. शिक्षक, 4. चौकीदार, 5. डाक्टर, 6. सैनिक, 7. ड्रायवर, 8. पेंटर, 9.दुकानदार, आमदनी

शब्द से संबंधित शब्द बताइये

1. लाल रंग................, 2. आलू..................., 3. चम्मच................, 4. गाड़ी................ 5. पेंसिल........ 6. पेंट....................

क्रिया से संबंधित वाक्य बनाइये

1. दौड़ना, 2. बोलना, 3. खाना, 4. जाना, 5. बजाना, 6. लिखना, 7. चलाना, 8. सुनना, 9, पीना, 10. गाना

## Define Words 17

1. मेहनती, 2. डाक्टर, 3. दुकानदार, 4. मैकेनिक, 5. लिपिक, 6. गायक, 7. कलाकार, 8. चौकीदार, 9, चाकू, 10. पेन

## RETELLING **पैराग्राफ सुनकर दोहराइये 18**

महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर को हुआ था । इनका पूरा नाम **मोहनदास करमचंद गांधी** था । इन्हें भारतवासी **राश्ट्रपिता** के नाम से जानते हैं । ये सत्य व अहिंसा के पुजारी थे। महात्मा गांधी की मां का नाम **पुतलीबाई** था । इन्हें **बापू** भी कहा जाता है । महात्मा गांधी जी ने भारत को स्वतंत्रा कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । 30 जनवरी को **नाथूराम गोडसे** ने गोली मारकर इनकी हत्या कर दी ।

एक किसान था, उसके चार बेटे थे । एक दिन अचानक किसान बीमार हो गया । उसने अपने चारों बेटों को बुलाया और कहा, कि हमारे खेंत में बहुत सारा धन गडा है । चारों बेटे ख़ुश हुए । उसने बेटों से कहा कि जाकर गडे धन को निकालो। किसान के चारों बेटों ने बहुत मेहनत की,उन्हें कुछ नहीं मिला । किसान ने उन्हें कुछ बीज डालने को दिए और कुछ दिन रूकने को कहा । बेटों ने सारे बीज डाल दिए । कुछ दिन बाद खेत में फसल लहलहाने लगी, फसल के पकने पर किसान ने फसल कटवा ली और बेटों को बुलाकर कहा कि यही है वो गडा धन । किसान के बेटों को मेहनत करना आ गया और सभी मिलकर खेती करने लगे।

**वार्तालाप का अभ्यास 'Self Initiated' 19**

1. चीजों के नाम बताइये । फोटोग्राफ से अच्छा रोगी को वास्तविक वस्तुएं दिखाई जायें ।

1. पेन, 2. पेंसिल., 3. टेलीफोन, 4.डायरी, 5. कंघा, 6. बाटल, 7. किताब, 8. घड़ी, 9.चाबी, 10. स्विच, 11. चश्मा, 12. अंगूठी, 13. ताला, 14. माचिस, 15. कापी, 16. गिलास, 17. चम्मच, 18. जूते, 19. पर्स, 20. रूमाल

2. इनके कार्यों का विवरण दीजिये ।

6 उपर लिखी चीजों के संपूर्ण जानकारी दीजिये (उपयोग) अन्य उपयोग, भौतिक विवरण व अन्य विवरण दीजिए ।

7 इस चित्र (Picture) को देखकर बताइए इसमें क्या हो रहा है ?

8 जो आपका चिकित्सक कर रहा है, उसे बताइये – उदाहरणार्थ 1. चिकित्सक – पेन को खोलकर रखता है । चिकित्सक ने क्या किया उसका विवरण दीजिये ।

9 किसी एक टॉपिक पर बातचीत कीजिये – 1. पानी, 2. प्रदूषण 3. स्कूल एडमीशन 4. बिजली

10 रोगी के साथ विस्तारपूर्वक आम वार्तालाप करें

20 लिखना और पढ़ने का अभ्यास "Reading & Writing"

1. डाक्टर, 2. शिक्षक, 3. शेर, 4. घड़ी, 5. पेन, 6. चाबी, 7. कंघी, 8. कुर्सी, 9.टी.वी. 10. किचिन 11. बिंदिया, चूडी, 12. अलमारी, 13. गैस चुल्हा, 14. पंखा, 15, ट्रेक्टर, 16, समाचार पत्र 17. पंडित जवाहरलाल नेहरू 18. ताजमहल, 19. पानी 1.समय देखने का यंत्र, 2.लिखने के काम आता है 3. ताला खालने के लिए उपयोगी 4. इलाज करने वाला 5. जंगल का राजा 6. बैठने के काम आती है 7. शिक्षा देने वाला, 8. खाना बनाने का कमरा, 9. श्रृंगार की चीजें 10. बाल उंधने के लिए 11 खाना पकाने का यंत्र 12. मनोंरंजन का साधन 13. खेती के लिए उपयोगी 14. भारत के प्रथम प्रधानमंत्री 15 सामान रखने के लिए 16 हवा करने का यंत्र 17 आगरा में स्थित 18 जीवन के लिए उपयोगी 19. देश–विदेश की खबरों का संग्रह

**5. इन शब्दों को पढिये –**

1. फोन, 2. आलू, 3. गाडी, 4. डॉक्टर, 5. चम्मच, 6. शिक्षक, 7. टेलीविजन, 8. दुकानदर, 9. पेटी, 10. पेन्टर, 11. अखबार, 12. किताब, 13. पायल, 14. चश्मा, 15. घड़ी

6. इन वाक्यों को पूरा करिये –

1. जंगल में........................ है । (शेर, किताब, टेलीफोन, बस), 2. राम और सीता.................. गये। (वनवास, पढने, घूमने, पिकनिक), 3. डॉक्टर ...........करता है। (पानी, रंग, स्याही, रूई), 5. रेलगाडी............के उपर चलती है। (तार, रोड, छत, पटरी), 6. देश की रक्षा...............करते हैं। (डॉक्टर, शिक्षक, सैनिक, ड्रायवर), 7. ताला............से खुलता है। (पेन, तेल, चाबी, रिमोट), 8. हेलीकाप्टर..............में चलता है। (पानी, आग, जमीन, आकाश), 9. सोने का काम.....................करते हैं (सुनार, ड्रायवर, मैकेनिक, नेता), 10. भारत एक विशाल ............... है (गॉव, शहर, कस्बा, देश)

**इसी प्रकार आप व्यक्ति या रोगी जहॉ काम करता है उसके कार्य संबधित व्यायाम पुस्तिका तैयार कर सकते हैं।**

**रसोई घर में काम करने वाली ग्रहणी की व्यायाम पुस्तिका –**

**एक्सर साइज –1**. रसोई घर में उपयोग होने वाली वस्तुओं के नाम – बर्तन – थाली, लोटा, गिलास, चम्मच, प्रेशर कुकर, तबेली, कटोरी, प्लेट, जग, मग, तबा, चौकी , वेलन, चाकू, मटका, डंका, पानी की टंकी, आटे की टंकी, टोस्टर, गैस चूल्हा, गैस की टंकी, माचिस, लाईटर, मिक्सर ग्राइन्ड़र या मिक्सी, सब्जी की ड़लिया, छननी, छिलनी, जूसर, फ्रिज,

**एक्सर साइज –2**. मे रसोई घर में काम करती हूं।

आप कहॉ काम करती है?

आप रसोई मे क्या काम करती हैं?

रसोई घर में खाना पकाया जाता है।

रसोई घर मे ंक्या होता है?

खाना कहॉ पकाया जाता है?

रसोई घर में कितने बजे खाना पकाया जाता है?

रसोई घर मे सुबह 7 बजे से दोपहर 11बजे तक खाना पकाया जाता है तथा शाम को 7 बजे से रात 9 बजे तक खाना पकाया जाता है।

सुबह तथा शाम आप कहॉ खाना पकाती हैं?

आप खाना कब कब पकाती है?

खाना खाने से परिवार के लोंगों की भूख शांत हो जाती है या पेट भर जाता है।

खाना खाने से क्या होता है?

जब आपको या परिवार के लोंगों को भूख लगती है तो क्या करते हे़ं?

रसोई घर मे ंखाना पकाने का स्टेंड़ रहता है।

खाना पकाने का स्टेंड़ कहॉ होता है?

रसोई घर मे स्टेंड़ क्यों लगा रहता है?

**एक्सर साइज –3** रसोई घर से संबंधित शब्द छांटिये –

खाना, चादर, प्रेस, चम्मच, गिलास, तकिया, कुर्सी, थाली, पेन्सिल, गैस टंकी, पानी की टंकी, शू स्टेंड़, फ्रिज, टी.व्ही., पलंग, छन्नी, सोफा, गैस चूल्हा, कपड़े की अलमारी, लाईटर, सब्जियॉ, कंबल, रजाई, अचाार, दूध,

**एक्सर साइज – 4 उस शब्द को काट दीजिये जो रसोई घर से संबधित नहीं है।**

पकाना, कंप्यूटर, तौलिया, मग्गा, सरकारी, काटना, धोना, मेहनत, मिक्सी, फ्रिज, किताबें, अचार, चम्मच, थाली, करतब, टेबिल, छाछ, आसमान, दूध, रोगी, रोटी, टोस्टर, अपमान, माचिस, पेन, ड़लिया, प्रेस,

**समूह से अलग शब्द को पहचानिये –**

आइना / कंघा / तेल / चम्मच

चीनी / दाल / चायपत्ती / थाली

कटोरी / थाली / गिलास / पेन

सेव / आम / संतरा / मटर

गोभी / आलू / टमाटर / अंगूर

पालक / मैथी / लालाभाजी / किताब

शर्ट / पेंट / साड़ी / पेन

चादर / कंबल / तकिया / जूते

पर्दा / साड़ी / चादर / तेल

अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ,

ओ, औ, अं, अः, क, ख, ग,

घ, ड़, च, छ, ज, झ, ञ, ट,

ठ, ड, ढ, त, थ, द, ध, न,

प, फ, ब, भ, म, य, र, ल,

व, श, स, ह,

ा ि ी ु ू े ै ो ौ ं ः